# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com


क्रमांक / 7326 / RMC / PMAY-HFA / 2024 रायपुर, दिनांक 15 / 01 / 2024

## / / दावा–आपत्ति आमंत्रण सूचना / /

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में "मोर मकान–मोर आस" योजना अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 06 / 2023 दिनांक 15 / 09 / 2023 जारी कर परियोजना 812 / 928 के तहत् मठपुरैना में निर्मित 377 मकानों एवं परियोजना 696 / 841 के तहत् सोनडोंगरी में निर्मित 405 मकानों हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 16 / 10 / 2023 तक निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है:–

| स. क्र. | परियोजना का नाम / परियोजना स्थल का नाम | विज्ञापित आवास | प्राप्त आवेदन | पात्र | अपात्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 812/928 Dus At BSUP HPL Site Mathpuraina | 377 | 204 | 59 | 145 |
| 2 | 696/841 Dus At BSUP HPL Site Sondongari | 405 | 108 | 17 | 91 |
| | **Total -** | **782** | **312** | **76** | **236** |

अतः उक्त तालिका के परियोजना की पात्र / अपात्र आवेदको की सूची दिनांक 31 / 10 / 2023 को जारी की जानी थी, किन्तु विधानसभा चुनाव हेतु आचार संहिता लागू होने के कारण विलम्ब होने से प्रारभिक पात्र अपात्र सूची आज दिनांक को दावा–आपत्ति हेतु ऑनलाईन www.nagarnigamraipur.nic.in एवं नगर निगम, रायपुर मुख्यालय के सूचना पटल पर जारी की जा रही है, जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त पात्र / अपात्र की सूची में किसी भी प्रकार की दावा–आपत्ति होने पर आवश्यक साक्ष्य दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ **आज दिनांक से दिनांक 05 / 02 / 2024** तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक उपस्थित होकर कक्ष क्रमांक 402 में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**नोडल अधिकारी**<br>
प्रधानमंत्री आवास योजना<br>
नगर पालिक निगम, रायपुर